www.amritvichar.com

# अमृत विचार

## लखनऊ महानगर

लखनऊ, रविवार, 26 अप्रैल 2026


### सुविचार



बाजार के उतार-चढ़ाव को अपना मित्र समझें दूसरों की मूर्खता से लाभ उठाइए, उसका हिस्सा मत बनिए।

- वॉरेन बफे


### लखनऊ के प्रमुख समाचार

- कैमरों की निगरानी में हुई होमगार्ड भर्ती परीक्षा II
- गोविंद शुक्ला अध्यक्ष और जितेंद्र महामंत्री III
- पर्यावरण से लेकर विज्ञान तक के छात्र राष्ट्रपति से होंगे सम्मानित IV


### शहर में आज



- विवेकानंद पॉलीक्लीनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान में विशेष एआई कार्यशाला एवं ऑप्थल्मोलॉजी कांफ्रेंस 'विवेकआईकॉन' का आयोजन- 9:30 बजे से।
- 10 मॉल एवेन्यू नेहरू भवन स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में महिला आरक्षण अधिनियम: सम्मान या छलावा विषय पर संगोष्ठी- 12:30 बजे से।
- ऐशबाग रामलीला मैदान पर 74वें कल्याण मंडप में सामूहिक विवाह समारोह में 25 कन्याओं का विवाह- 8:00 बजे से।

' पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# एसजीपीजीआई में इतिहास रचने वाले डॉक्टर-चिकित्साकर्मी सम्मानित

- संस्थान के चिकित्सकों ने किया हृदय का सफल प्रत्यारोपण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** एसजीपीजीआई में प्रदेश का पहला सफल हृदय प्रत्यारोपण कर इतिहास रचने वाले चिकित्सकों और स्टाफ को शनिवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ये सफलता न केवल प्रदेश, बल्कि देश के लिए भी प्रेरणादायक है। पीजीआई की प्रगतिशील कार्यशैली और डॉक्टरों की मेहनत से यह संभव हो पाया है, जिससे भविष्य में संस्थान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान और मजबूत करेगा। बिहार, नेपाल समेत अन्य राज्यों के मरीजों का भरोसा एसजीपीजीआई की गुणवत्ता का प्रमाण है।

ब्रजेश पाठक ने बताया कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए लगातार प्रयासरत है। अस्पतालों में बेड की संख्या बढ़ाई जा रही है, विशेष रूप से क्रिटिकल केयर और आईसीयू सुविधाओं पर जोर दिया जा रहा है। इमरजेंसी सेवाओं और ट्रॉमा सेंटर की कार्यप्रणाली को भी लगातार बेहतर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि किसी भी मरीज को संसाधनों के अभाव में परेशानी न हो। संस्थान द्वारा भेजी जाने वाली परियोजनाओं को प्राथमिकता पर स्वीकृत किया जाएगा। साथ ही क्वालिटी केयर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़े प्रोजेक्ट्स को भी मंजूरी दी जा चुकी है और उन्हें लागू करने की दिशा में कार्य जारी है।उप मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों से अपील की कि वे मरीजों के प्रति संवेदनशील रहें और किसी भी मरीज को बिना प्राथमिक उपचार के वापस न लौटाएं। उन्होंने समन्वित व्यवस्था विकसित करने पर जोर दिया, जिससे जरूरतमंद मरीजों को अन्य सरकारी अस्पतालों में भी समय पर भर्ती कराया जा सके। उन्होंने कहा कि चिकित्सा सेवा केवल पेशा नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम है, इसलिए टीम भावना के साथ कार्य करना आवश्यक है। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो. राधा कृष्ण धीमान, अपर प्रमुख सचिव अमित घोष, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रो. देवेंद्र गुप्ता, सीवीटीएस विभागाध्यक्ष डॉ. एस.के. अग्रवाल, कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. आदित्य कपूर और एनेस्थीसिया विभाग से प्रो. पुनीत गोयल सहित कई वरिष्ठ चिकित्सक एवं अधिकारी मौजूद रहे।



एसजीपीजीआई में चिकित्सक को सम्मानित करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

### इनको किया गया सम्मानित

- **सीवीटीएस:** प्रो. एसके अग्रवाल, प्रो. शांतनु पांडे, प्रो. मिलिंद होते, डॉ. विजय अग्रवाल, डॉ. अब्दुलमुंजिल मुंशी, डॉ. सिद्धार्थ वी सिंह सोम, डॉ. अरीब अहमद खान, डॉ. अवनींद्र एम त्रिपाठी, डॉ. सौरभ त्रिपाठी, डॉ. विवेक कृष्णा, डॉ. हर्ष बी वैद्य।
- **कार्डियोलॉजी विभाग:** प्रो. आदित्य कपूर, प्रो. सत्येंद्र तिवारी, प्रो. रूपाली खन्ना, डॉ. अंकित साहू।
- **एनेस्थीसिया:** प्रो. संजय धीरज, प्रो पुनीत गोयल, डॉ. अमित रस्तोगी, डॉ. पल्लव सिंह, डॉ. नितिन त्रिवेदी, डॉ आनंदिता कश्यप, डॉ मलिका धवल, डॉ. श्रद्धा गंगेले, चंद्रेश कुमार कश्यप, अर्जुन कुमार और रुचि सिंह।
- **पर्फ्युजनिस्ट:** राज कुमार यादव और संदीप कुमार।
- **नर्सिंग अधिकारी:** कलावती पाल, अरविंद, श्वेता, प्रेम लता, नमन, कुलदीप, अलका मोहन, नीलम श्रीवास्तव, सुरेंद्र जादौन,दानवीर सिंह, रीमा त्रिपाठी, वर्षा सैनी, निहारिका वर्मा, हेमंत मंगल, तान्या, नीतू, अनामिका राजपूत, इतु, हिमांशी, कमलेश यादव।
- **नेफ्रोलॉजी:** प्रो नारायण प्रसाद, डॉ. रोमिला सैनी, अर्चना सिन्हा, नवीन विश्वकर्मा, कृति, मिलन के बागला।
- **अन्य स्टाफ:** आर के शर्मा, प्रो. देवेन्द्र गुप्ता, श्रीप्रकाश सिंह, शशि भूषण सिंह तोमर, आदर्श श्रीवास्तव और डॉ. राजेश हर्षवर्धन।

## दो प्लाटिंग ध्वस्त चार निर्माण सील

**अमृत विचार,लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने शनिवार को गोसाईंगंज में 30 बीघे में की जा रही दो अवैध प्लाटिंग ध्वस्त कर दी। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि महेंद्र शुक्ला व अन्य द्वारा गोसाईंगंज के ग्राम लक्ष्मनपुरवा व दुलारमऊ में लगभग 20 बीघा में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। इसी तरह दुर्गेश सोनी व अन्य द्वारा सुलतानपुर रोड स्थित ग्राम बक्कास में लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। एलडीए से ले-आउट स्वीकृत न होने पर ध्वस्त कर दी गई। इसके अलावा गोमती नगर, चिनहट, बीबीडी व सुशांत गोल्फ सिटी थानाक्षेत्र में प्रहलाद सिंह, विकास सिंह, डॉ. विक्रांत सिंह, रईस हैदर, मोहम्मद इरफान व अन्य के चार अवैध व्यावसायिक निर्माण सील किए गए।

### सिटी ब्रीफ

## डॉ. अभिजीत चंद्रा को मिला अंतरराष्ट्रीय सम्मान



**अमृत विचार, लखनऊ:** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के गैस्ट्रो सर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ. अभिजीत चंद्रा को अमेरिकन सोसाइटी ऑफ कोलन एंड रेक्टल सर्जन्स ने बार्टन होएक्सटर एमडी बेस्ट वीडियो अवॉर्ड से सम्मानित किया है। ये सम्मान को पाने वाले वह देश के पहले सर्जन हैं। डॉ.चंद्रा को यह पुरस्कार उनके अभिनव सर्जिकल वीडियो फ्लोरेसेंस एन्हांस्ड कम्पोजिट एंट्रोपिलोरिक ग्लूटस मैक्सिमस ट्रांसपोजिशन फॉर नियोनल रिकंस्ट्रक्शन के लिए प्रदान किया गया। यह तकनीक अत्यंत जटिल मानी जाती है, जिसमें मरीज की अपनी मांसपेशियों का उपयोग कर मल त्याग के लिए नया मार्ग तैयार किया जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस सर्जरी से एनल फंक्शन को सामान्य बनाने में महत्वपूर्ण मदद मिलती है। खासकर उन मरीजों के लिए यह तकनीक किसी वरदान से कम नहीं है, जो मल के रिसाव को नियंत्रित नहीं कर पाते और जिन्हें सामान्यत: स्थायी स्टोमा की आवश्यकता पड़ती है।

## डॉ. सुधीर वर्मा ने तुर्किये में दी शोध की प्रस्तुति



**अमृत विचार,लखनऊ :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के मेडिसिन विभाग की लिवर एवं पित्त रोग इकाई के डॉ. सुधीर वर्मा ने तुर्किये के इस्तांबुल में आयोजित प्रतिष्ठित एपीएएसएल 2026 में मौखिक शोध प्रस्तुति दी। उनका शोध एक्यूट-ऑन-क्रॉनिक लिवर फेल्योर में 90 दिन की मृत्यु दर के पूर्वानुमान में यकृत कठोरता में बदलाव पर आधारित था। इस अध्ययन में गंभीर लिवर रोगियों के इलाज और रोग की गंभीरता समझने में उपयोगी निष्कर्ष सामने आए हैं। कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद और मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉ. वीरेन्द्र आतम ने डॉ. वर्मा को बधाई दी।

## जनगणना प्रशिक्षण से 694 कर्मी अनुपस्थित

**अमृत विचार ,लखनऊ:** शहर में आयोजित जनगणना प्रशिक्षण में कर्मचारियों की अनुपस्थिति का सिलसिला जारी है। शनिवार को केंद्रों पर सबसे अधिक 694 कर्मचारी गैरहाजिर पाए गए। इनके खिलाफ प्रशासन द्वारा एफआईआर कराई जाएगी। अधिकारियों को निरीक्षण में जोन-1 में 122, जोन-2 में 104, जोन-3 में 186, जोन-4 में 185, जोन-5 में 23 और जोन-7 में 74 प्रगणक व सुपरवाइजर नहीं मिले। पहले चरण में अनुपस्थित कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। संतोषजनक जवाब न मिलने पर सेवा नियमों के तहत निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। लगातार अनुपस्थिति या ड्यूटी से इनकार करने पर धारा 11 के तहत एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने यह भी बताया कि प्रशिक्षण के दौरान भोजन और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, इसलिए अनुपस्थिति का कोई बहाना स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# गर्मी की मार, गश खाकर गिरा बाइक सवार

### अधिकतम तापमान 42 और न्यूनतम 29 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा, आज 43 डिग्री पहुंचने की संभावना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गर्मी के तेवर लगातार तल्ख होते जा रहे हैं, शनिवार को शहर का अधिकतम तापमान 42 डिग्री पर पहुंच गया। तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को बेहाल कर दिया। आशियाना में दवा लेने मेडिकल स्टोर जा रहा मिठाई कारीगर रास्ते में गश खाकर बाइक लेकर गिर पड़ा। घायल अवस्था में लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

शहर में सुबह 9 बजे ही तापमान 35 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। 11 बजे तक तो बाहर निकलना मुश्किल लगने लगा। 12 बजे 10 और 2 बजे पारा 42 डिग्री पर पहुंच गया। शाम चार बजे के बाद फिर पारे में गिरावट शुरू हुई, लेकिन रात 10 बजे तक तापमान लगभग 32 डिग्री सेल्सियस बना रहा और रात 1 बजे 29 डिग्री दर्ज किया गया। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण दोपहर में सन्नाटे की स्थिति रही।

मौसम विभाग के मुताबिक अभी दो दिन गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। रविवार और सोमवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री पहुंच सकता है। इसके बाद बादल छाने और तापमान में मामूली गिरावट की संभावना है। शनिवार को तेज धूप और गर्म हवा के कारण लोग जरूरी काम होने पर ही धूप से बचाव के इंतजाम के साथ घर व दफ्तरों के लिए निकले। पैदल और दो पहिया वाहन सवारों को तेज धूप का सामना करना पड़ा। किसी ने धूप से बचने के लिए पेड़ की छांव तो किसी ने अन्य सहारा लिया। पानी और पेय पदार्थ से गला तर किया। बच्चे, बूढ़े व महिलाएं घरों पर ही कैद रहीं।



तेज धूप से बचने के लिए छाता लगाकर जाती महिला। अमृत विचार

### दवा लेने मेडिकल स्टोर जा रहा था बाइक सवार

**अमृत विचार, आलमबाग:** आशियाना इलाके में शनिवार दोपहर दवा लेने मेडिकल स्टोर जा रहे एक मिठाई कारीगर रास्ते में ही गश खाकर बाइक लेकर गिर पड़ा। राहगीरों ने नजदीकी लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया, जहां युवक की मौत हो गई। मूलरूप से देवी खेड़ा रहीमाबाद निवासी सुशील कुमार (38) वर्तमान में बुद्धेश्वर पारा में रहकर आशियाना पॉवर हाउस निकट एक मिठाई की दुकान में मिठाई कारीगर का काम करता था। शनिवार दोपहर वह दवाई लेने के लिए दुकान से निकला था। तभी वह गश खाकर बाइक से गिर पड़ा और चोटिल हो गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने सुशील को मृत घोषित कर दिया। कृष्णानगर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



तेज धूप और गर्म हवा से खुद को बचाने के लिए गमछे से सिर ढके यात्री। अमृत विचार



चुनरी से सिर और मुंह को ढके युवती।

### सरकारी अस्पतालों में बनाए गए कोल्ड रूम और विशेष वार्ड

**अमृत विचार, लखनऊ :** भीषण गर्मी और लू (हीट वेव) के खतरे को देखते हुए बलरामपुर अस्पताल, सिविल, लोकबंधु, ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय, भाऊराव देवरस महानगर, रामसागर मिश्र बीकेटी जैसे प्रमुख अस्पतालों में कोल्ड रूम और वातानुकूलित विशेष वार्ड बनाए गए हैं। इनमें बेड, कोल्ड पैक, ओआरएस काउंटर, दवाएं और शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था कर दी गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि शासन के निर्देश पर सभी अस्पतालों और सीएचसी में कोल्ड रूम तैयार कर दिए गए हैं। इनमें लू से प्रभावित मरीजों को भर्ती किया जाएगा। ग्रामीण व शहरी सीएचसी में भी कोल्ड रूम बनाने और एसी-कूलर लगाने के निर्देश दिए गए हैं। सीएमओ ने बताया कि नगरीय और ग्रामीण सीएचसी-पीएचसी के स्टाफ को जूम मीटिंग के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया है। साथ ही, लू से बचाव के लिए जनजागरूकता अभियान चलाने में अन्य विभागों को भी जोड़ा जा रहा है।

### लू से बचाव के उपाय

- खुले हवादार कमरे मे रहें।
- कमरे के खिड़की, दरवाजों पर परदे डालें।
- जहां तक संभव हो दिन में घर के निचले तल पर ही रहें।
- खूब पानी पियें, प्यास न लगने पर भी थोड़ा पानी पीएं।
- दोपहर 12 से 4 के बीच बेवजह घर से बाहर न निकलें।
- सिर को गीले कपड़े, गमछे से ढककर ही निकलें।
- पसीना सोखने वाले व हल्के रंग के कपड़े पहनें।
- पीने का पानी साथ रखें और छाते का प्रयोग करें।
- चाय, कॉफी, कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक, एल्कोहॉल का सेवन न करें।
- आम पना, बेल का शर्बत, नारियल पानी, नींबू पानी, घर की बनी लस्सी और ओआरएस का घोल पिएं।
- संतरा, तरबूज, खरबूजा, खीरा, ककड़ी, छाछ, अनानास जैसे फलों का जूस भी पीएं।
- जानवरों व पशुओं को छायादार स्थानों पर रखें। उन्हें पीने के लिए पर्याप्त पानी दें।

# अब कठौता होकर जाएंगी अयोध्या-गोरखपुर की बसें

- कमता तिराहा व आसपास यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए किया गया बदलाव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** कमता तिराहा व उसके आसपास लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए यातायात पुलिस ने पहल शुरू कर दी है। डीसीपी यातायात रवीना त्यागी के अनुसार प्रायोगिक रुप में नई व्यवस्था लागू की जा रही है। इसके सफल होने के बाद आगे लागू किया जाएगा। नई व्यवस्था के अनुसार अवध बस स्टेशन से बाराबंकी, अयोध्या और गोरखपुर को जाने वाली बसें अब शहीद पथ के सर्विस लेन होते हुए विजयीपुर अंडर पास पहुंचेगी। वहां से कठौता व चिनहट होकर मुख्य हाइवे होकर जाएंगी।

इसी तरह चिनहट से पॉलिटेक्निक, हाईकोर्ट, लोहिया अस्पताल के लिए वाहनों को कमता तिराहे से बाएं विजयीपुर अंडर पास होते हुए जाना होगा। गोमतीनगर व अहिमामऊ जाने के लिए शहीद पथ होकर जाना होगा।

वहीं, पालिटेक्निक की तरफ से कमता तिराहा के तीसरे अंडर पास से यू-टर्न लेकर शहीद पथ की तरफ जा सकेंगे। पॉलिटेक्निक चौराहे से हाईकोर्ट, लोहिया अस्पताल जाने वाले वाहन राइट टर्न फ्री डिवाइडर से होते हुए यू-टर्न कर जा सकेंगे। चिनहट से हाईकोर्ट, लोहिया अस्पताल, पॉलिटेक्निक चौराहा की तरफ से जीएस लॉन, मिनी स्टेडियम कटिंग से कमता फ्लाईओवर होते हुए जा सकेंगे।

# बड़े मंगल प्लास्टिक मुक्त भंडारे कराने की अपील

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** 5 मई से प्रारंभ हो रहे ज्येष्ठ मास के बड़े मंगलों पर आयोजित होने वाले भंडारों को इस बार प्रदूषण मुक्त, हरित और स्वच्छता युक्त मनाना है।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल एवं मंगलमान अभियान के संयोजक प्रो. रामकुमार तिवारी शनिवार को पत्रकारों से रूबरू थे। उन्होंने लखनऊ वासियों से स्वच्छता के साथ भावपूर्ण भंडारा लगाने का अनुरोध किया। संदीप बंसल ने कहा कि इस बार सौभाग्य से ज्येष्ठ के दो मास हैं और कुल बड़े मंगल आठ होंगे। इसलिए भंडारों की संख्या भी राजधानी में बढ़ने वाली है परन्तु भंडारा पॉलीथिन एवं प्रदूषण मुक्त हो और एक भी दोना पत्तल सड़क पर न दिखाई पड़े तब माना जाएगा के भंडारा भाव के साथ स्वच्छता पूर्ण ढंग से लगाया गया है। संदीप बंसल ने कहा कि इस संदर्भ में भंडारा आयोजकों की एक बैठक आयोजित हो चुकी है। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी, स्वदेशी जागरण मंच के अनुपम श्रीवास्तव, अनुज गौतम, संजयनिधि अग्रवाल, अनिल अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

**कार्यशाला** | जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय कारकों से दुनिया के प्रत्येक 10 में एक व्यक्ति किडनी की बीमारी से प्रभावित

# बढ़ता तापमान, असुरक्षित पानी और प्रदूषण खराब कर रहे किडनी

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार :** दुनिया में किडनी की गंभीर बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। प्रत्येक 10 में एक व्यक्ति इससे प्रभावित है। जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय कारक इस समस्या को और गंभीर बना रहे हैं। असुरक्षित पेयजल, बढ़ता तापमान, वायु प्रदूषण और जहरीले तत्व अब किडनी रोगों के प्रमुख कारण बनते जा रहे हैं। गंदा पानी पीने से शरीर में संक्रमण और हानिकारक तत्व पहुंचते हैं, ये धीरे-धीरे किडनी को नुकसान पहुंचाते हैं।

अत्यधिक गर्मी के कारण शरीर में पानी की कमी होने पर किडनी पर दबाव बढ़ता है और उसकी कार्यक्षमता प्रभावित होती है। ये जानकारी डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में शनिवार को आयोजित कार्यशाला में नेफ्रोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. अभिलाष चन्द्रा ने दी। नेफ्रोलॉजी विभाग की ओर से प्लैनेटरी हेल्थ इन नेफ्रोलॉजी विषय पर कार्यशाला का शुभारंभ निदेशक डॉ. सीएम सिंह ने किया।

उन्होंने बताया कि वायु प्रदूषण में मौजूद सूक्ष्म कण और रसायन रक्त के माध्यम से किडनी तक पहुंचकर उसे नुकसान पहुंचाते हैं। इसके अलावा, कीटनाशक, भारी धातु और अन्य विषैले पदार्थ खाने-पीने के जरिए शरीर में जमा होकर किडनी की कार्यप्रणाली को प्रभावित करते हैं। रायपुर से आए डॉ. विनय राठौर ने कहा कि साफ पानी पीने, संतुलित आहार लेने और प्रदूषण से बचाव जैसे उपाय अपनाकर किडनी को काफी हद तक सुरक्षित रखा जा सकता है।

पटना से डॉ. प्रीतिपाल सिंह ने भी स्वच्छ पानी के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इससे किडनी को लंबे समय तक स्वस्थ रखा जा सकता है। पैनल चर्चा, पोस्टर प्रतियोगिता और एलुमनाई मीट का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में सह संयोजक डॉ. प्रत्यूष कुमार, आईआईटीआर के डॉ. विकास श्रीवास्तव, डॉ. नम्रता राव, सीएमएस डॉ. विक्रम सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अरविंद सिंह, डीन डॉ. प्रद्युमन सिंह और अहमदाबाद के डॉ. महावीर गोलेच्छा सहित कई विशेषज्ञ मौजूद रहे।



दीप प्रज्ज्वलित करने के दौरान निदेशक डॉ. सीएम सिंह के साथ अन्य विशेषज्ञ।

### फेफड़ों के आसपास टीबी की पहचान के लिए दोहरी जांच जरूरी

**अमृत विचार, लखनऊ:** फेफड़ों की झिल्ली में होने वाली टीबी (प्ल्यूरल टीबी) की सटीक पहचान के लिए एक जांच पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। लोहिया संस्थान के रेस्पीरेटरी मेडिसिन विभाग के शोध में यह महत्वपूर्ण तथ्य सामने आया है। बीमारी की पुष्टि के लिए कम से कम दो प्रकार की जांच आवश्यक है। संस्थान के डॉक्टरों ने 260 मरीजों पर अध्ययन किया। जिसका शोधपत्र अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित हुआ है। विभागाध्यक्ष डॉ. अजय वर्मा के अनुसार फेफड़ों की झिल्ली में पानी भरने की स्थिति को प्ल्यूरल इफ्यूजन कहा जाता है। यह टीबी के साथ-साथ कैंसर का भी संकेत हो सकता है। उन्होंने बताया कि इस बीमारी के शुरुआती लक्षण स्पष्ट नहीं होते, लेकिन समय के साथ मरीज को सांस लेने में परेशानी बढ़ने लगती है। एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड के जरिए फेफड़ों में पानी का पता लगाया जाता है। जिसके बाद उस द्रव की जांच से बीमारी के कारणों की पहचान की जाती है। शोध में टीबी की पुष्टि के लिए एडीए (एडिनोसीन डीएमिनेज) और सीबीनॉट जांच का उपयोग किया गया। परिणामों में पाया गया कि 260 मरीजों में से 90 में सीबीनॉट जांच के जरिए टीबी की पुष्टि हुई, जबकि 170 मरीजों में यह रिपोर्ट नकारात्मक रही। दूसरी ओर 105 मरीजों में एडीए का स्तर बढ़ा हुआ पाया गया, जो टीबी की ओर संकेत करता है। डॉ. अजय वर्मा ने बताया कि सीबीनॉट जांच की विश्वसनीयता करीब 98.2 प्रतिशत रही, लेकिन अकेले इसके आधार पर हर मामले में टीबी की पुष्टि संभव नहीं है। इसलिए एडीए जांच के साथ इसका संयोजन अधिक प्रभावी साबित होता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि फेफड़ों में पानी भरने जैसी स्थिति को नजरअंदाज न करें और समय पर जांच कराएं। सही और दोहरी जांच के माध्यम से न केवल टीबी बल्कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की भी समय रहते पहचान संभव है, जिससे मरीज की जान बचाई जा सकती है।

## केजीएमयू में अनियमितताओं की जांच कराई जाए

**अमृत विचार, लखनऊ :** नेशनल मेडिकोज ऑर्गनाइजेशन (एनएमओ) ने किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में धर्मांतरण, फर्जी नियुक्तियों और सुरक्षा खामियों को लेकर चिंता जताई है। संगठन ने मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर इन मामलों की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। एनएमओ के महानगर संयोजक डॉ. शिवम कृष्णन त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि परिसर में हिंदू महिला चिकित्सकों को फंसाने, ब्लैकमेल करने और धर्मांतरण के प्रयास के कई मामले सामने आए हैं। उन्होंने डॉ. रमीजुद्दीन नायक से जुड़े प्रकरण का भी उल्लेख करते हुए कहा कि संस्थान का प्रारंभिक रवैया असंवेदनशील रहा।संगठन ने कुलपति के ओएसडी की कथित फर्जी नियुक्ति का मुद्दा भी उठाया है, जिसकी पुष्टि स्पेशल टास्क फोर्स की जांच से होने का दावा किया गया।

## सिटी ब्रीफ

### प्लॉट की बाउंड्री तोड़कर कब्जे का आरोप

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा थाना क्षेत्र में दबंगों ने महिला के प्लॉट की बाउंड्री तोड़कर उस पर कब्जा कर लिया। विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। पारा पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। राजाजीपुरम निवासी सुषमा सिंह ने बताया कि ग्राम खुशहालगंज में करीब 2000 वर्ग फीट प्लॉट खरीदा था। यह बैनामा राशिद निवासी आलमनगर और अहसान खान द्वारा नाजिया उर्फ नादिया के माध्यम से उनके पक्ष में कराया गया था। राजस्व अभिलेखों में भी सुषमा का नाम दर्ज है। उन्होंने प्लॉट पर छह फीट ऊंची बाउंड्री बनवाई थी। आरोप है कि 22 मार्च को लाखमुनि देवी निवासी राजाजीपुरम अपने भतीजे के साथ मौके पर पहुंचीं और बाउंड्री को गिरा दिया। उस समय सुषमा सिंह शहर से बाहर थीं। मौके पर मौजूद लोगों ने जब घटना का वीडियो बनाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए वीडियो डिलीट करवा दिया। इसके बाद आरोपियों ने प्लॉट से ईंटें हटवा लीं और निर्माण कार्य शुरू कर दिया।

### कैश लेकर भागने वाले को दुकानदारों ने पकड़ा

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। खुजौली चौराहे पर निर्मला फोटो कॉपी के संचालक बृजभान यादव ने बताया कि 23 अप्रैल की शाम उनके पास एक युवक आया और 25 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर के बदले नकद ले लिया। दो घंटे बाद ही नरपतगंज स्थित भारत जन सेवा केंद्र से बृजभान के मित्र रजनीश कुमार का फोन आया। ज्ञागसू नाम का वही युवक वहां 10 हजार रुपये नकद लेने पहुंचा था। शक होने पर परिचय पत्र मांगा तो बहस करने लगा। जिसपर आसपास के दुकानदारों की मदद से उसे पकड़ लिया गया। पीड़ित बृजभान यादव और रजनीश कुमार ने थाना सुशांत गोल्फ सिटी में तहरीर दी है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज मामले की जांच कर रही है।

### हमले का आरोपी फरार एसीपी बीकेटी से गुहार

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** जानलेवा हमले के मामले में चार दिन बाद भी बीकेटी पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पायी है। पीड़ित ने एसीपी बीकेटी कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। सैरपुर के फरुखाबाद गांव विमलेश का आरोप है कि 21 अप्रैल को सैरपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के बावजूद पुलिस ने अब तक मुख्य आरोपी अंकित की गिरफ्तारी नहीं की। पीड़ित ने एसीपी ज्ञानेंद्र सिंह को लिखित शिकायत देकर आरोप लगाया कि सैरपुर पुलिस आरोपी को बचाने में लगी है और जानबूझकर प्रभावी कार्रवाई से बच रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसीपी ने जांच कर कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिया है।

### मर्चेंट नेवी में नौकरी के नाम पर ठगे चार लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** मर्चेंट नेवी में नौकरी दिलाने के नाम पर जालसाजों ने युवक से करीब चार लाख रुपये ऐंठ लिए। पीड़ित ने बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। औरंगाबाद जागीर निवासी शिवम वर्मा ने बताया कि उनकी पड़ोसी राधा ने विनायक प्रजापति से मुलाकात करायी थी। आरोपी ने बातचीत में मर्चेंट नेवी में नौकरी दिलाने का झांसा दिया। कागजी प्रक्रिया के नाम पर कई बार में 3,99,500 रुपये खाते में लिए। रुपये लेने के बाद भी आरोपी कोई नियुक्ति पत्र नहीं दिया। बाद में आरोपी ने उसे 3 जनवरी 2026 को मुंबई बुलाया और ज्वाइनिंग लेटर देने का आश्वासन दिया। शिवम मुंबई पहुंचकर तीन दिन तक इंतजार करता रहा लेकिन आरोपी नहीं आया। संपर्क कर रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने धमकाया। इंस्पेक्टर कपिल गौतम ने बताया कि राधा, विनायक प्रजापति और शंभू प्रजापति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### 50 हजार का इनामी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** विभूतिखंड स्थित सैवी ग्रैंड होटल के पास पांच अप्रैल को हुई 75 लाख रुपये की लूट के मामले में फरार 50 हजार के इनामी आरोपी सुमित गुप्ता को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वह विराजखंड-5 का निवासी है और उसके खिलाफ लूट व हत्या के प्रयास के मामले दर्ज हैं। इससे पहले 10 अप्रैल को पुलिस पांच आरोपियों को पकड़कर 45 लाख रुपये बरामद कर चुकी थी। शेष रकम सुमित समेत अन्य के पास बताई गई थी। पुलिस ने कुकरैल पुल के पास से सुमित को पकड़कर 2.10 लाख रुपये बरामद किए हैं। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# कैमरों की निगरानी में हुई होमगार्ड भर्ती परीक्षा

## पहले दिन प्रथम पाली में 74.28 और द्वितीय में 75.25 प्रतिशत अभ्यर्थी हुए शामिल, जिलाधिकारी और संयुक्त पुलिस आयुक्त ने किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** होमगार्ड भर्ती के लिए शनिवार से शुरू हुई परीक्षा में पहले दिन जिले के 55 केंद्रों पर पहली पाली में 74.28 और दूसरी पाली में 75.25 प्रतिशत अभ्यर्थी शामिल हुए। प्रत्येक पाली में 22,272 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इसमें पहली पाली में 25.72 और दूसरी में 24.75 प्रतिशत अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों की सीसीटीवी से स्मार्ट मॉनिटरिंग की गई, साथ ही जिलाधिकारी विशाख जी, संयुक्त पुलिस आयुक्त बबलू कुमार और अन्य अधिकारियों ने भी निरीक्षण किया। रविवार और सोमवार को भी परीक्षा कराई जाएगी।

उप्र होमगाड्र्स के पदों पर इनरोलमेंट 2025 की लिखित परीक्षा जिले में शुक्रवार से शुरू हुई। सभी 55 केंद्रों पर सघन तलाशी के बाद अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया। संयुक्त पुलिस आयुक्त कार्यालय स्थित जनपदीय कंट्रोल रूम बनाया गया है। इस कंट्रोल रूम से सभी 55 केंद्रों से लाइव मॉनीटरिंग रही है। जिलाधिकारी और संयुक्त पुलिस आयुक्त ने पहले कंट्रोल रूम से केंद्रों पर परीक्षा का हाल जाना। इसके बाद नबीउल्लाह रोड स्थित राजकीय बालिका इंटर कालेज स्थित केंद्र पहुंचे। वहां एग्जामिनेशन रूम, पर्यवेक्षकों की व्यवस्था देखी। यहां से राजकीय जुबली इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज शाहमीना रोड केंद्रों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बताया कि शांतिपूर्ण व नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट की भी ड्यूटी लगाई है। परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल जैमर लगाए गए हैं।



संयुक्त पुलिस आयुक्त कार्यालय में बने कंट्रोल रूम का जायजा लेते जिलाधिकारी विशाख जी एवं संयुक्त पुलिस आयुक्त बबलू कुमार। अमृत विचार

### परीक्षा के लिए ऐशबाग से गोरखपुर तक विशेष ट्रेन

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल की ओर से होमगार्ड परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए अनारक्षित परीक्षा विशेष ट्रेन चलाई जा रही है। यह विशेष गाड़ी 25, 26 और 27 अप्रैल को ऐशबाग जंक्शन रेलवे स्टेशन से गोरखपुर रेलवे स्टेशन के बीच संचालित होगी। गाड़ी संख्या 05050 ऐशबाग से रात 20 :45 बजे प्रस्थान कर बादशाहनगर, बाराबंकी, जरवल रोड, करनैलगंज, गोंडा, मनकापुर, बस्ती और खलीलाबाद होते हुए अगले दिन सुबह 03 :30 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 05049 26 व 27 अप्रैल को गोरखपुर से सुबह 04 :55 बजे रवाना होकर खलीलाबाद, बस्ती, मनकापुर, गोंडा, करनैलगंज, जरवल रोड, बाराबंकी और बादशाहनगर से होते हुए 10 :20 बजे ऐशबाग जंक्शन पहुंचेगी। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे इस विशेष ट्रेन का अधिकतम लाभ उठाएं और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करें।

### 4 घंटे खड़ी रही बेगमपुरा एक्सप्रेस

**अमृत विचार, लखनऊ :** 12238 बेगमपुरा एक्सप्रेस तकनीकी खराबी आने से करीब 4 घंटे चारबाग रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही। इससे परीक्षार्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह से ही रेलवे स्टेशनों पर अभ्यर्थियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बस अड्डों की तुलना में रेलवे स्टेशन पर ज्यादा भीड़ देखने को मिली। कई अभ्यर्थियों ने बताया कि उन्हें लटककर और खड़े होकर यात्रा करनी पड़ी, इसके बावजूद समय पर परीक्षा केंद्र तक नहीं पहुंच सके।



होमगार्ड परीक्षा छूटने के बाद चारबाग रेलवे स्टेशन पर अभ्यर्थियों की भीड़। अमृत विचार

### रैगिंग के विरोध पर सीनियर छात्रों ने बीए छात्र को बेल्ट से पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉक्टर शकुंतला विश्वविद्यालय राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में रैगिंग का विरोध करने पर सीनियरों ने जूनियर छात्र को बेल्ट से पीटा। उस पर घातक हथियार से वार किए। पीड़ित छात्र ने पांच सीनियरों के खिलाफ पारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

डॉक्टर शकुंतला मिश्रा में गौरव कुमार बीए प्रथम वर्ष के छात्र है। उन्होंने तहरीर में बताया कि 22 अप्रैल की रात बीएड चतुर्थ सेमेस्टर अंकित, हरीश, डीईडी चतुर्थ सेमेस्टर आकाश, एमए छात्र रामनरेश व बीएड द्वितीय सेमेस्टर के नाजिम अलीम ने पीड़ित की रैगिंग का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपियों ने बेल्ट से पीटा। इस दौरान आरोपियों ने घातक हथियार से पीड़ित पर वार किए। आरोपियों ने जाति सूचक गालियां दीं। पीड़ित ने मदद के लिए शोर मचाया तो आरोपी धमकाते हुए भाग निकले।

पीड़ित ने अस्पताल में इलाज कराया और मेडिकल रिपोर्ट बनवाकर पारा थाने में दी है। पीड़ित छात्र का आरोप है कि विवि प्रशासन और प्रॉक्टर, वार्डेन के पैनल ने मामला बढ़ता देख आरोपी छात्रों को कॉलेज की गाड़ियों से उनके घर भेज दिया है। आरोप विवि प्रशासन ने आरोपी छात्रों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ एससीएसटी एक्ट, बलवा, गाली-गलौज, धमकी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# चोरी का जेवर खपाने वाले सुनार समेत तीन गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लाखों के जेवर, 1.10 लाख रुपये, पिस्तौल, बुलेट व चार मोबाइल बरामद
- क्राइम ब्रांच व गुडंबा पुलिस ने किया गिरोह का खुलासा

**अमृत विचार :** बंद मकानों का ताला तोड़कर लाखों रुपये की चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया है। इस मामले में गुजरात के अहमदाबाद के एक सुनार समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जो चोरी के जेवर खपाने का काम करता था। आरोपियों के पास से लाखों रुपये के जेवर, 1.10 लाख रुपये नकद, बिना लाइसेंस की पिस्तौल, बुलेट और चार मोबाइल बरामद किए गए हैं। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है।

डीसीपी पूर्वी दीक्षा शर्मा के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में बाराबंकी के कुर्सी थाना क्षेत्र निवासी अदीबुर्रहमान उर्फ अदीब, बीकेटी के चंदाकोडर निवासी जीशान गाजी उर्फ छोटू और गुजरात के अहमदाबाद निवासी रामजी राजाराम सोनी शामिल हैं। रामजी मूल रूप से सुल्तानपुर का रहने वाला है और उसके खिलाफ पहले भी धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं।

इंस्पेक्टर क्राइम ब्रांच शिवानंद मिश्रा के मुताबिक गुडंबा के आधार खेड़ा निवासी सरफराज हुसैन ने 15 अप्रैल को घर में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि उनके घर की आलमारी का ताला तोड़कर जेवर और नकदी चोरी कर ली गई। जांच में क्राइम ब्रांच और गुडंबा पुलिस जुटी थी।

24 अप्रैल को सूचना मिली कि आरोपी गुडंबा क्षेत्र में मौजूद हैं। इसके बाद पुलिस टीम ने स्कॉर्पियो क्लब के पास जंगल से तीनों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में करीब 30 लाख रुपये के जेवर, 1.10 लाख नकद, मोबाइल फोन, बुलेट और अवैध पिस्तौल बरामद की गई। पुलिस के अनुसार अदीबुर्रहमान पर बाराबंकी व लखनऊ में कई मुकदमे दर्ज हैं, जबकि जीशान गाजी पर विभिन्न थानों में 14 से अधिक आपराधिक मामले हैं। रामजी सोनी के खिलाफ भी पूर्व में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

# प्रेमी संग रह रही महिला की मौत गला दबाकर हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- आठ साल की बेटी बोली, अंकल ने दबाया था गला, दवा के बहाने भागा
- मृतका के भाई ने दी तहरीर, प्रेमी की तलाश में दबिशें
- ठाकुरगंज के बालागंज मिश्री बगिया की घटना

**अमृत विचार :** ठाकुरगंज के रिंग रोड स्थित बालागंज की मिश्री बगिया कॉलोनी में प्रेमी के साथ रह रही महिला का शव शनिवार सुबह संदिग्ध हालात में बिस्तर पर मिला। मृतका के भाई ने प्रेमी पर गला दबाकर हत्या का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरोपी वारदात के बाद से फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं।

हरदोई के अतरौली निवासी नरेश ने बताया कि उनकी बहन नीलम सक्सेना (42) की शादी अतरौली के गौर निवासी संजय सक्सेना से हुई थी। उनके चार बेटियां शिवानी, प्रांशी, मधु और निधि हैं। बड़ी बेटी शिवानी की शादी हो चुकी है, जबकि अन्य बेटियां रिश्तेदारों के पास रहती हैं। करीब चार माह पहले नीलम पति से अलग होकर अतरौली निवासी संजय गौतम उर्फ काला सोना के साथ लखनऊ आ गई थी। वह बालागंज स्थित एक खाली प्लॉट में आठ वर्षीय बेटी निधि के साथ झोपड़ी बनाकर रहने लगी।

निधि ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार रात मां और संजय के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इसके बाद संजय ने मां का गला दबा दिया, जिससे वह बेहोश हो गई। देर रात करीब 3:30 बजे वह इलाज के लिए रुपये लाने की बात कहकर वहां से चला गया। सुबह जब निधि ने मां को कई बार जगाने की कोशिश की तो कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई। शरीर ठंडा पड़ चुका था, जिसके बाद उसने पड़ोसियों को बुलाया। पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी।

डायल-112 की सूचना पर ठाकुरगंज पुलिस मौके पर पहुंची और बच्ची से पूछताछ कर परिजनों को जानकारी दी। मृतका के भाई नरेश ने आरोपी के खिलाफ हत्या की तहरीर दी है। डीसीपी पश्चिम कमलेश दीक्षित ने बताया कि महिला के शरीर पर बाहरी चोट के स्पष्ट निशान नहीं मिले हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा।

### प्लेट में रखा मिला पैक खाना

घटनास्थल पर दाल, चावल, सलाद और रोटी का पैकेट रखा मिला। इससे अंदेशा है कि महिला ने खाना मंगाया था, लेकिन वह उसे खा नहीं सकी।

### परिवार को नहीं थी जानकारी

परिजनों के अनुसार नीलम के पति से अलग होकर दूसरे व्यक्ति के साथ रहने की जानकारी उन्हें नहीं थी। मौके से शराब के पैकेट भी मिले हैं। पुलिस के अनुसार दोनों शराब का सेवन करते थे।

# जीएसटी असिस्टेंट कमिश्नर के चालक ने फंदा लगाकर दी जान

संवाददाता, सरोजनीनगर

- बिजनौर थाना क्षेत्र के ओमेक्स सिटी की घटना

**अमृत विचार:** बिजनौर थाना क्षेत्र में शनिवार देर शाम एक जीएसटी असिस्टेंट कमिश्नर के चालक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने कमरे में छानबीन की लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस ने छानबीन के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मूल रूप से बाराबंकी जिले के हैदरगढ़ स्थित सरायवन का पुरवा निवासी अभिषेक दीक्षित (28) बिजनौर के ओमेक्स सिटी निवासी कानपुर में जीएसटी असिस्टेंट कमिश्नर कैलाश नाथ पाल के मकान की तीसरी मंजिल पर कमरे में रहकर करीब ढाई वर्षो से उनका निजी ड्राइवर था। शुक्रवार को कैलाश नाथ पाल कानपुर में थे, जबकि उनका परिवार ओमेक्स सिटी स्थित घर में था। तभी शाम करीब 7 बजे कैलाश नाथ की पत्नी अनुराधा पाल कार से कहीं जाने के लिए अभिषेक को उसके कमरे से बुलाने गई।

दरवाजा अंदर से बंद होने पर उन्होंने कई बार आवाज दी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। जिसके बाद खिड़की से झांक कर देखा तो अभिषेक कमरे के अंदर पंखे के हुक से प्लास्टिक की रस्सी के सहारे लटका मिला। आनन-फानन में अनुराधा ने सूचना नीलमभा में रहने वाले अभिषेक के भाई उमेश को दी। सूचना के बाद पहुंचे उमेश ने बिजनौर पुलिस को घटना की जानकारी दी। इसके बाद पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

परिजन ने बताया कि अभिषेक ने रायबरेली निवासी अपने दोस्त से कुछ रुपये उधार लिए थे। जिसको लेकर वह काफी परेशान चल रहा था। इंस्पेक्टर कपिल गौतम कहना है कि शुरुआती जांच में पता चला है कि मृतक के पिता की करीब एक माह पहले मौत हो गई थी। जिसको लेकर वह परेशान चल रहा था। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी मन्नू और 6 वर्षीय बेटी गौरी व 4 वर्षीय बेटा शंभू है।

# कारीगर ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पत्नी बच्चों संग गयी थी मायके दुबग्गा इलाके की घटना

**अमृत विचार :** दुबग्गा में शनिवार सुबह एक शटरिंग कारीगर ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय उसकी पत्नी दोनों बच्चों के साथ मायके गई हुई थी। सुबह पड़ोसी ने युवक को फंदे से लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी।

लीलाखेड़ा निवासी विजय गौतम (26) शटरिंग कारीगर था। परिवार में पत्नी स्नेहा, बेटा आयुष और बेटी अन्नया हैं। मृतक के साले विमलेश के अनुसार विजय की मानसिक स्थिति कुछ समय से ठीक नहीं थी और उसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। करीब एक सप्ताह पहले पत्नी स्नेहा दोनों बच्चों के साथ अलीनगर मडियांव स्थित मायके गई थी। दो दिन पहले विजय भी ससुराल गया था, लेकिन शुक्रवार रात वह वापस लौट आया।

शनिवार सुबह पड़ोसी ने मकान की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में छत के छल्ले से रस्सी के सहारे उसे लटका देखा। पुलिस को जांच के दौरान मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला।

# ट्रक ने कार में मारी टक्कर, दो सौ मीटर तक घसीटता ले गया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बीबीडी थाने में कार चालक ने दर्ज करायी रिपोर्ट

**अमृत विचार:** लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर बेकाबू ट्रक ने पीछे से कार में टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक कार को करीब सौ मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। पीड़ित की शिकायत पर बीबीडी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गोंडा निवासी अनुराग सिंह ने तहरीर में बताया कि वह शुक्रवार को अपने परिवार संग लखनऊ से अपने गांव लौट रहे थे। कार में दो बुआ और चचेरा भाई भी सवार था। शाम करीब 5 बजे वह इंदिरा नहर के आगे शिखर ढाबा अनौरा कला स्थित होंडा शोरूम के सामने पीछे से आ रहे ट्रक ने उनकी कार में टक्कर मार दी। आरोप है कि ट्रक चालक वीरेंद्र ने भागने के चक्कर में कार को करीब 200 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। जिसमें कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

हादसे के बाद चालक ट्रक से कूदकर भागने लगा। लेकिन राहगीरों ने भाग रहे चालक को पकड़ने का प्रयास किया। इसपर चालक ने अनुराग से मारपीट व गाली-गलौज करते हुए ट्रक चढ़ाकर जान से मारने की धमकी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्ष के लोगों को शांत कराया। पीड़ित कार सवार ने बीबीडी थाने में आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर राम सिंह ने बताया कि घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही है।

**अपराध** | चिनहट कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज

# दोस्त की पत्नी ने सोशल मीडिया पर वकील को धमकाया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** चिनहट कोतवाली में अधिवक्ता ने दोस्त की पत्नी के खिलाफ सोशल मीडिया पर गाली-गलौज व धमकाने की रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

कमता निवासी अधिवक्ता रणविजय सिंह ने बताया कि बचपन के सैन्यकर्मी मित्र अर्पित की शादी रुचि सिंह से हुई थी। पति-पत्नी के बीच मतभेद हैं। अधिवक्ता होने के नाते अर्पित ने उनसे संपर्क किया। तलाक के लिए कोर्ट में वाद दाखिल किया गया। अधिवक्ता होने के नाते रणविजय उनका केस देख रहा है। केस की नोटिस मिलने पर रुचि सिंह ने अधिवक्ता के लिए सोशल मीडिया पर उल्टे-सीधे पोस्ट किए। रुचि द्वारा अर्पित व उसके परिजन के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज करायी। जिसकी जांच अभी चल रही है।

रणविजय ने अर्पित का पक्ष हाईकोर्ट में रखने के लिए वकालतनामा दाखिल किया। अभी रिट कोर्ट के समक्ष नहीं आयी है, लेकिन रिट की जानकारी होने पर रुचि ने सोशल मीडिया पर फर्जी मामले में उन्हें बदनाम करने के लिए धमकाते हुए पोस्ट की। पोस्ट में गाली-गलौज कर परिवार को धमकाया गया। अधिवक्ता ने चिनहट कोतवाली में आईटी एक्ट, गाली-गलौज व धमकी की रिपोर्ट दर्ज करायी है।

### इंस्टाग्राम पर आईडी बनाकर किए गंदे पोस्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीबीडी थाने में युवती ने इंस्टाग्राम आईडी यूजर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। थाना क्षेत्र निवासी 24 वर्षीय युवती ने बताया कि उनके नाम से इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनायी गयी। उसपर पीड़िता की फोटो लगाकर गंदे गानों के साथ पोस्ट अपलोड किए गए। पहले आरोपी ने युवती के नाम से आईडी बनाकर उन्हें फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी और बाद में आईडी पर नाम बदलकर अभद्र पोस्ट किए। पीड़िता का कहना है कि आरोपी लगातार आईडी के नाम बदल रहा है। साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत करने के बाद पीड़िता ने बीबीडी थाने में आईटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज करायी है।

# चार के खातों से उड़ाए 13.81 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बैंककर्मी, कोरियरकर्मी, सैन्यकर्मी व यूपीआई के माध्यम से निकाली रकम
- जानकीपुरम, पीजीआई, अलीगंज व तालकटोरा थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** राजधानी में साइबर जालसाज लोगों की गाढ़ी कमाई पर लगातार हाथ साफ कर रहे हैं। जालसाजों ने सैन्यकर्मी व महिला समेत चार लोगों के खातों से 13.81 लाख रुपये उड़ा लिए। कहीं केवाईसी अपडेट के नाम पर एपीके फाइल भेजकर मोबाइल हैक किया गया तो कहीं क्रेडिट कार्ड और यूपीआई के जरिए रकम निकाली गई। चारों मामले जानकीपुरम, पीजीआई, अलीगंज और तालकटोरा थानों में दर्ज किए गए हैं।

जानकीपुरम के सीता विहार कॉलोनी निवासी अरुण कुमार पांडेय के इंडसइंड बैंक खाते से जालसाजों ने केवाईसी अपडेट के बहाने व्हाट्सएप पर एपीके फाइल भेजकर मोबाइल हैक किया और 24 मिनट में सात बार में 9,25,453 रुपये निकाल लिए। वहीं पीजीआई के सैनिक विहार निवासी सैन्यकर्मी विपिन कुमार दुबे के एक्सिस बैंक खाते से क्रेडिट कार्ड के माध्यम से तीन बार में 2,43,510 रुपये पार कर दिए गए।

अलीगंज के मेहंदी टोला निवासी संजय निगम के इंडियन बैंक और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया खातों से यूपीआई के जरिए 17 से 25 मार्च के बीच 21 बार में 1,82,126 रुपये निकाले गए। वहीं राजाजीपुरम निवासी प्रतिभा श्रीवास्तव को ऑर्डर ब्लॉक होने का झांसा देकर 30,211 रुपये की ठगी की गई।

पुलिस ने सभी मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच शुरू कर दी है।

सिटी ब्रीफ



पत्रकारों को जानकारी देतीं प्रो. मांडवी।

### भातखंडे विवि में अभिरुचि कार्यशाला 26 मई से

**अमृत विचार, लखनऊ :** भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की ओर से लखनऊ के लोगों में संगीत और कला के प्रति अभिरुचि विकसित करने के उद्देश्य से आगामी 26 मई से 25 जून तक ग्रीष्मकालीन अभिरुचि कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यशाला रोजाना सुबह 9 बजे से 10 बजे तह और 10 बजे से 11 बजे तक चलेगी। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने बताया कि इस कार्यशाला में शास्त्रीय गायन, सुगम संगीत, लोकगीत, तबला, पखावज, ढोलक, सितार, वायलिन, गिटार (वेस्टर्न), बांसुरी, हारमोनियम, कीबोर्ड, कथक नृत्य और भरतनाट्यम नृत्य, लोकनृत्य, सारंगी, सरोद, पेंटिंग और क्ले माडलिंग जैसी विधाओं में प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला में गजल गायकी सिखाने पर भी विचार चल रहा है। विवि की कुलसचिव डॉ. सृष्टि धवन ने कहा कि इस तरह की कार्यशालाओं से आत्मविश्वास, मानसिक क्षमता और रचनात्मकता में वृद्धि होती है। उन्होंने बताया कि एक मई से 20 मई के बीच आवेदन पत्र प्राप्त कर जमा किया जा सकता है। कार्यशाला ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों होंगी।

### मोहिनी एकादशी कल कृपया अन्न ग्रहण न करें

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुशांत गोल्फ सिटी स्थित राधा रमण बिहारी मन्दिर इस्कान के अध्यक्ष अपरिमेय श्याम दास ने बताया कि 27 अप्रैल दिन सोमवार को मोहिनी एकादशी है। हमें द्वादशी प्रधान एकादशी का व्रत रखना चाहिए। उन्होंने बताया कि द्वादशी प्रधान एकादशी कृष्ण भावनामृत को बढ़ाने वाली और विशेष फल देने वाली है। एकादशी को अन्न ग्रहण नहीं करना चाहिए। प्रत्येक एकादशी को मन्दिर अध्यक्ष की ओर से इस्कॉन मन्दिर में भक्तों के लिए श्रीमद भागवतम की कक्षा प्रात: 6 बजे रखी जाती है। उन्होंने बताया कि एकादशी व्रत रखने के साथ-साथ अगले दिन समय से व्रत का पारण किया जाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। व्रत पारण का समय 28 अप्रैल मंगलवार को प्रात: 5 :30 बजे से 9 :52 बजे तक होगा।

### नेपाल के नए सीमा नियमों से कारोबार हुआ ठप

**अमृत विचार, लखनऊ :** नेपाल सरकार द्वारा हाल ही में लागू किए गए नए सीमा नियमों ने भारत-नेपाल सीमा से सटे उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल और सिक्किम के सीमावर्ती जिलों में व्यापारिक गतिविधियों को प्रभावित किया है। संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता गुप्ता ने इस मुद्दे पर पीएम और विदेश मंत्री को पत्र लिखकर हस्तक्षेप की मांग की है। सीमावर्ती क्षेत्रों में वर्षों से दाल, चावल, आटा, गेहूं, चना, तेल, घी, नमक, चीनी, मसाले, चाय पत्ती, बिस्किट, साबुन, सर्फ, नील, निरमा, सफाई सामग्री, टूथपेस्ट, टूथब्रश, कंघी, दवाइयां, पट्टी-दवा, पूजा सामग्री, अगरबत्ती, माचिस, मोमबत्ती, स्टेशनरी, कॉपी-किताब, पेन-पेंसिल, गिफ्ट आइटम, बच्चों के खिलौने, प्लास्टिक का सामान, रेडीमेड कपड़े, चप्पल-जूते, साइकिल एवं बाइक के स्पेयर पार्ट्स, टॉर्च, बैटरी, बल्ब जैसी दैनिक उपभोग की वस्तुओं का सहज और पारंपरिक आदान-प्रदान होता रहा है। लेकिन अब इसे तस्करी के नाम पर छोटे व्यापारियों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है।

# गोविंद शुक्ला अध्यक्ष और जितेंद्र महामंत्री

## लखनऊ बार एसोसिएशन चुनाव में वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मनीष श्रीवास्तव ने दर्ज की जीत, समर्थकों ने बांटी मिठाई

- अध्यक्ष पद पर गोविंद नारायण शुक्ला ने सुरेश पांडेय को 119 वोटों से दी मात
- महामंत्री पद पर जितेंद्र सिंह यादव ने आदर्श मिश्रा को 248 मतों से किया पराजित
- वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मनीष श्रीवास्तव ने यज्ञमणि दीक्षित को 132 मतों से दी शिकस्त
- शनिवार दोपहर करीब 2 बजे पूरी हो पाई तीनों मुख्य पदों पर वोटों की गिनती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में गोविंद नारायण शुक्ला (चच्चू) अध्यक्ष, जितेंद्र सिंह यादव (जीतू) महामंत्री और मनीष श्रीवास्तव वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद चुने गए हैं। शनिवार देर रात तीनों पदों के परिणाम घोषित किए गए। चच्चू ने सुरेश पांडेय को 119 और जीतू ने आदर्श मिश्रा को 248 मतों से पराजित किया। मनीष श्रीवास्तव ने निकटतम प्रतिद्वंद्वी यज्ञमणि दीक्षित को 132 मतों से शिकस्त दी। विजयी पदाधिकारियों का उनके समर्थकों ने फूल-माला पहनाकर स्वागत किया और ढोल-नगाड़े बजाकर खुशी मनाई। इसके बाद चैंबरों में जाकर अधिवक्ता साथियों मुंह मीठा कराकर आभार जताया।

लखनऊ बार एसोसिएशन के नई कार्यकारिणी के चुनाव के लिए गुरुवार को मतदान कराया गया। भारी पुलिस बल की तैनाती के बीच शुक्रवार को अध्यक्ष, महामंत्री और उपाध्यक्ष वरिष्ठ पद के मतों की गिनती शुरू की गई। मतगणना का सीधा प्रसारण बाहर एलईडी स्क्रीन लगाकर दिखाया गया। शनिवार दोपहर करीब 2 बजे मतगणना पूर्ण होने के बाद परिणाम घोषित कर दिए गए। अध्यक्ष पद पर गोविंद नारायण शुक्ला और सुरेश पांडेय के बीच शुरू से कांटे की टक्कर रही। गोविंद को 1255 और सुरेश को 1136 मत मिले।

इसी तरह महामंत्री पद पर जितेंद्र सिंह यादव व आदर्श कुमार मिश्रा के बीच मुकाबला रहा। जितेंद्र को 1094 और आदर्श को 846 वोट मिले। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मनीष श्रीवास्तव को 556 और यज्ञमणि दीक्षित को 424 वोट मिले। एल्डर कमेटी ने 3672 मतदाता घोषित किए थे, इसमें 2722 ने मतदान किया। अध्यक्ष पद पर अध्यक्ष व महामंत्री पद पर पांच-पांच और वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद नौ प्रत्याशी मैदान में थे। चुनाव प्रक्रिया मुख्य निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट सुनील सिंह सिकरवार और एल्डर कमेटी के चेयरमैन जय सिंह की निगरानी में कराई गई।





जीत के बाद नारेबाजी करते अध्यक्ष पद पर विजयी गोविन्द नारायण शुक्ला और महामंत्री जितेन्द्र सिंह यादव के समर्थक। अमृत विचार

### उपाध्यक्ष मध्य पद पर अनुज और कनिष्ठ पद पर अनुराग आगे

■ शनिवार दोपहर उपाध्यक्ष (मध्य) और उपाध्यक्ष (कनिष्ठ) पद के मतों की गणना शुरू हुई। शाम 5 बजे तक उपाध्यक्ष (मध्य) के 350 मतों की गिनती हो चुकी थी। इसमें अनुज वाजपेयी और जितेंद्र कुमार त्रिपाठी में टक्कर रही। अनुज को 172 और जितेंद्र को 101 मत मिले। अंजनी प्रकाश यादव को 95, रामनाथ 69, आशीष गुलाटी 60, रणजीत सिंह भदौरिया को 47, ब्रजेश कुमार सिंह 24, राम मिलन यादव 22 व अरुण खरे 21 मत प्राप्त हुए थे। इसह तरह उपाध्यक्ष (कनिष्ठ) के 331 मतों की गिनती हो सकी। इनमें अनुराग श्रीवास्तव ''सूरज'' और मयंक यादव के बीच मुकाबला चला। अनुराग को 61 व मयंक को 52 मत प्राप्त हुए। प्रत्याशी रजत अवस्थी को 31, विनायक सिंह 31, अभिषेक तिवारी 29, हरिकेष कुमार यादव 29, अंकुर तिवारी स्वतंत्र 27, शशिधर दुबे ''दीपक'' 19, राहुल तिवारी 18, अमिताभ यादव 13, अभिषेक सोनकर 7, ऋषि कुमार 6, अंकुर तिवारी 5, आनंद कुमार श्रीवास्तव को 3 मत मिले।

### कोषाध्यक्ष पद महिलाओं के लिए आरक्षित

■ उपाध्यक्ष मध्य के दो पदों पर नौ-नौ व कनिष्ठ उपाध्यक्ष के एक पद पर 14 प्रत्याशी मैदान हैं। संयुक्त मंत्री के तीन पद के लिए 21 प्रत्याशी मैदान में हैं। उच्चतम न्यायालय द्वारा आदेश के बाद पहली बार प्रदेश में महिलाओं के लिए 30 फीसद की भागीदारी की गई है। कोषाध्यक्ष का एकमात्र पद महिलाओं के लिए आरक्षित रहा और चार महिला प्रत्याशी ने चुनाव मैदान में है। साथ ही वरिष्ठ कार्यकारिणी तथा कनिष्ठ कार्यकारिणी के छह-छह पदों पर 18 व 27 प्रत्याशी हैं।



वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष श्रीवास्तव का स्वागत करते समर्थक।

### किसको मिले कितने वोट

**अध्यक्ष पद**

| प्रत्याशी | वोट |
|---|---|
| गोविंद नारायण शुक्ला (चच्चू) | 1255 |
| सुरेश पांडेय | 1136 |
| राजेंद्र कुमार शर्मा | 115 |
| परशुराम मिश्रा | 98 |
| रवींद्र नाथ पांडेय | 34 |

**महामंत्री पद**

| प्रत्याशी | वोट |
|---|---|
| जितेंद्र सिंह यादव (जीतू) | 1094 |
| आदर्श कुमार मिश्रा | 846 |
| कुलदीप वर्मा | 568 |
| मारुत कुमार शर्मा | 111 |
| कामिनी कुमारी ओझा | 23 |

**वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद**

| प्रत्याशी | वोट |
|---|---|
| मनीष श्रीवास्तव | 556 |
| यज्ञमणि दीक्षित | 424 |
| वीरेंद्र मिश्रा ''सौरभ'' | 357 |
| कमल किशोर यादव | 369 |
| रमेश बहादुर सिंह | 266 |
| राम सनेही | 204 |
| संजय पाठक | 204 |
| अखिलेश कुमार दीक्षित | 166 |
| विनोद कुमार शुक्ला | 36 |



रश्मिरथी पर्व पर 'स्वामी विवेकानन्द का भारत' पुस्तक का विमोचन करते उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या, पूर्व जलशक्ति मंत्री महेन्द्र सिंह, विवेकानन्द पॉलीक्लिनिक के प्रमुख स्वामी मुक्तिनथानंद, भाजपा महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी और अन्य। अमृत विचार

# 90 मिनट में नसों में भर दिया देशभक्ति का रंग

## रश्मिरथी पर्व के दूसरे दिन किया गया नाटक प्रणेता स्वामी विवेकानंद का मंचन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में चल रहे रश्मिरथी पर्व के दूसरे दिन शनिवार को स्वामी विवेकानंद के जीवन, विचारों और सांस्कृतिक भारत निर्माण में उनके योगदान पर आधारित नाटक युवाओं के प्रणेता स्वामी विवेकानंद का मंचन किया गया। 90 मिनट के इस नाटक की शुरुआत स्वामी जी के प्रेरक वाक्य उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए से हुई।

इससे पहले उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि आज बड़ी संख्या में लोग स्वामी विवेकानंद पर नाटक देखने आए हैं। मैं भी भाषण देने के बजाय नाटक ही देखना चाहता हूं। पूर्व कैबिनेट मंत्री महेंद्र सिंह ने स्वामी जी के जीवन पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि 50 साल तक सारी पूजाएं छोड़कर सिर्फ भारत माता की पूजा करो तभी यह देश आजाद हो पायेगा। पूर्व केन्द्रीय मंत्री सत्यपाल सिंह ने कहा कि विवेकानंद का नाम लेने से ही भारत की अजेय शक्ति का आभास होता है। स्वामी विवेकानंद ने बताया कि भारत को सबल कैसे बनाया जाए। इस सत्र की अध्यक्षता रामकृष्ण मठ के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानन्द ने की।


इस मौके पर भारतेंदु नाट्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ. रति शंकर त्रिपाठी, जल पुरुष राजेन्द्र सिंह, भाजपा नेता नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, सूर्य प्रताप शाही, पूर्व विधायक सिद्धार्थ शंकर आदि मौजूद रहे। राजेन्द्र सिंह की पुस्तक पानी पंचायत पुस्तक का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और समाज की सहभागिता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद आज भी युवाओं के लिए आदर्श हैं।



नाटक युवाओं के प्रणेता स्वामी विवेकानंद का मंचन करते कलाकार।

# नवाब शुजाउद्दौला ने बदल दी अवध की तक़दीर

अवध आख्यान



अनेहस शाश्वत

जैसा मैंने बताया था, अवध मुग़लों के 21 सूबों मे से एक था। जब मुहम्मद शाह रंगीला ने सन 1722 मे सआदत खान को अवध की सूबेदारी सौंपी तब बादशाह सिर्फ नाम भर का ही रह गया था। ज्यादातर सूबे और सूबेदार अपनी स्वतंत्र सत्ता स्थापित कर चुके थे। मुग़ल बादशाह के प्रति नाममात्र के वफादार थे। उस समय यानी सन 1707 से लेकर सन 1857 तक हिंदुस्तान मे अंग्रेज़ों समेत कई शक्तियां पूरे देश पर कब्ज़ा करने के लिए संघर्ष रत थीं। दिक्कत बस ये थी कि उनमें से किसी का भी आभामंडल मुग़लों सरीखा नहीं था। इसलिए उन सबने हिंदुस्तान पर कब्ज़े के लिए अलग अलग तरीके अख्तियार किए। सआदत खान ने तो आत्महत्या कर ली। लेकिन उनके भतीजे और दामाद सफ़दरजंग ने नादिर शाह की मदद से मुग़ल सल्तनत मे नंबर दो की हैसियत हासिल कर ली। अब वे बादशाह के वज़ीर थे साथ ही अवध के सूबेदार भी थे। अब बाकी सूबेदारों की तुलना मे सफ़दरजंग की हैसियत कहीं ज्यादा थी। लेकिन मुग़ल दरबार के उस समय के षड़यंत्रकारी माहौल मे सफ़दरजंग की राह आसान नहीं थी। उनकी राह में रोडे.अटकाने वाले बहुत थे। इसी वजह से सन 1754 मे सफ़दरजंग की मौत हो गई। चूंकि वे बादशाह के वज़ीर थे इसलिए उनका भव्य् मकबरा दिल्ली मे ही बना जो आज भी देश की धरोहर मना जाता है।

और हां एक बात और सफ़दर जंग के व्यक्तित्व की यह भी ख़ूबी रही कि उस ज़माने के चलन के विपरीत वे ज़िंदगी भर अपनी पत्नी नवाब बेगम के प्रति वफ़ादार रहे। अब अवध की सूबेदारी सफ़दरजंग के बेटे शुजाउद्दौला को मिली। उनके पिता कूटनीतिज्ञ थे लेकिन शुजाउद्दौला योद्धा थे। उनका व्यक्तित्व भी योद्धा जैसा ही था, उन्होंने सेना भी शानदार बनाई। मौका पड़ने पर वे लोगों की मदद भी करते थे। उस अवधि मे मराठे भी हमले करते रहते थे। बंगाल संपन्न सूबा था, इसलिए लूटमार के लिहाज़ से पेशवा के निशाने पर था। शुजाउद्दौला ने कई बार मराठा हमलों से बंगाल को बचाने के लिए वहां के नवाब के अनुरोध पर अपनी सेना भेजी। शुजाउद्दौला के मुख्य शत्रु अंग्रेज़ व मराठे थे। अपनी शक्ति के विस्तार मे नवाब इन दोनों को बड़ा रोड़ा मानते थे।



मराठों को निपटाने का मौका नवाब को सन 1761 मे पानीपत की तीसरी लड़ाई में मिल गया।

यह लड़ाई मराठों और अहमद शाह अब्दाली के बीच् हुई, जिसमें मराठों के हमलों और लूटपाट से परेशान राजाओं और नवाबों ने अब्दाली की बहुत मदद की ताकि मराठों की भीषण पराजय हो। शुजाउद्दौला भी सेना समेत अब्दाली की मदद को पहुंचे। इस लड़ाई मे मराठों की पराजय हुई और मुग़लों को हराकर दिल्ली की गद्दी पर बैठने का मराठों का सपना टूट गया। साथ ही शुजाउद्दौला उन लोगों मे से थे जो समझ चुके थे कि अंग्रेज़ सिर्फ व्यापार के इरादे से भारत नहीं आये हैं। प्लासी की लड़ाई के बाद अंग्रेज़ों का इरादा साफ ज़ाहिर हो गया था। इसलिए शुजाउद्दौला ने अंग्रेज़ों को हराना पहली प्राथमिकता समझी। नवाब की इस कोशिश मे उनका साथ तब के मुग़ल बादशाह शाह आलम और बंगाल के बागी नवाब मीर कासिम ने दिया, लेकिन इन तीनों मे सबसे शक्तिशाली सेना नवाब की ही थी। जल्दी ही अंग्रेज़ों से लड़ने का मौका मिल भी गया। मुग़ल बादशाह शाह आलम भी अंग्रेज़ों के इरादे भांप गया था। बंगाल का अपदस्थ नवाब मीर कासिम भी अंग्रेज़ों से बदला लेने की ताक मे था। नवाब शुजाउद्दौला ने इन दोनो के साथ् मिलकर अंग्रेज़ों के साथ लड़ने की योजना बनाई। सन् 1764 मे बक्सर मे युद्ध हुआ। युद्ध मे शाह आलम और मीर कासिम की सेना कुछ खास कर नहीं पाई। पूरी लड़ाई एक तरीके से अवध के नवाब ने ही लड़ी। नतीजे मे उन्हें पराजय मिली। इधर युद्ध के दौरान अंग्रेज़ों ने नवाब की ताकत और इरादों को भांप लिया था कि भविष्य मे शुजाउद्दौला अंग्रेज़ों के लिए खतरा साबित होंगे। ऐसे मे बक्सर की लड़ाई मे जब अंग्रेज़ जीते तो उन्होंने इस बात का पूरा बंदोबस्त किया कि शुजाउद्दौला फिर से ताकतवर नहीं होने पाएं।

## सिटी डायरी



बैठक के दौरान व्यापारी नेता और पुलिस।

### गश्त बढ़ेगी, हर माह होगी बैठक

**अमृत विचार, लखनऊ :** संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल अयोध्या रोड का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडे के नेतृत्व में एसीपी विभूति खंड से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने चिनहट-अयोध्या रोड क्षेत्र में रात्रि के समय पुलिस गश्त बढ़ाने और पुलिस-व्यापारी बैठक हर माह आयोजित करने की मांग उठाई। व्यापारी नेता ने कहा कि होटल एवं ढाबा संचालकों के साथ अक्सर दबंगों द्वारा दुर्व्यवहार किया जाता है। इस पर पुलिस सख्ती बरते। अयोध्या पर लगे रहने वाले जाम का मुद्दा भी व्यापारियों ने उठाया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि पुलिस व्यापारियों के साथ सहयोगात्मक रवैया अपनाए। एसीपी विभूति खंड ने थाना प्रभारी चिनहट से कहा कि रात्रि में दुकानों को खोलने की अनुमति दी जाए। प्रतिनिधि मंडल में रतन दास, संजय दीक्षित, शत्रुघ्न प्रसाद, शिवाकांत यादव, राजेंद्र सिंह, निर्भय सिंह, योगेश शुक्ला, देवेंद्र मिश्रा शामिल रहे।



कर्मचारियों के साथ बैठक में शामिल महानिदेशक।

### पैरामेडिकल कर्मियों संग की बैठक

**अमृत विचार, लखनऊ :** महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉ. पवन कुमार अरुण की अध्यक्षता में पैरामेडिकल कर्मचारियों के चार प्रमुख संगठनों के पदाधिकारियों के साथ लगभग दो घंटे तक मैराथन सार्थक बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के सभागार में हुआ। जिसमें विभिन्न संगठनों ने अपनी लंबित मांगों को विस्तार से रखा। बैठक में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के महामंत्री अतुल मिश्रा सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। महानिदेशक ने आश्वासन दिया कि संगठनों की मांगों का प्रस्ताव 15 दिन में शासन को भेजा जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि वे स्वयं इस प्रक्रिया में रुचि लेकर शीघ्र निर्णय सुनिश्चित करेंगे।




गोष्ठी में विचार रखते सुरजीत मजूमदार।

### युद्ध के वैश्विक असर पर हुई संगोष्ठी

**अमृत विचार, लखनऊ :** जन विचार मंच ने शनिवार को उत्तर प्रदेश प्रेस क्लब में ईरान – अमेरिका, इजराइल युद्ध और वैश्विक अर्थव्यवस्था विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया। इसमें अर्थशास्त्री सुरजीत मजूमदार ने कहा कि शीत युद्ध की समाप्ति के बाद वैश्वीकरण की जो प्रक्रिया शुरू हुई, उसमें अमेरिका एक वर्चस्वशाली देश के रूप में उभरा। अपना अध्यक्षीय वक्तव्य देते हुए प्रोफेसर रमेश दीक्षित ने कहा कि ईरान का सवाल सिर्फ ईरान का सवाल नहीं है वरन पूरी तीसरी दुनिया की संप्रभुता का सवाल है। वर्तमान समय में साम्राज्यवाद के खिलाफ़ एक नई सिरे से एकजुट होने की जरूरत है। विकासशील देशों के मध्य आपसी संवाद बढ़ाने की जरूरत है।




महापौर पर टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन करते पर्वतीय समाज के लोग।

### महापौर के समर्थन में उतरा पर्वतीय समाज

**अमृत विचार, लखनऊ :** पार्वती महासभा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हजरतगंज स्थित गांधी प्रतिमा पर रविवार को महापौर के अपमान के विरोध में प्रदर्शन किया। गरिक का सम्मान सर्वोपरि है और इस तरह की घटनाएं लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विपरीत हैं। चेतावनी दी कि जनप्रतिनिधियों के सम्मान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हजरतगंज से जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च किया और साथ ही ज्ञापन दिया।

चुनाव

महामंत्री पद पर सीमा शुक्ला ने ललित मोगा को 339 मतों से हराया

# धर्मेश चुने गए एसजीपीजीआई कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** एसजीपीजीआई कर्मचारी महासंघ के चुनाव में धर्मेश कुमार अध्यक्ष और सीमा शुक्ला महामंत्री चुनी गईं। अध्यक्ष पद पर धर्मेश कुमार को 596 मत और उनके प्रतिद्वंद्वी मनोज कुमार को 381 मत मिले। महामंत्री पद पर सीमा शुक्ला ने ललित मोगा को हराया। सीमा को 719 और मोगा को 380 मत मिले। नई कार्यकारिणी का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा।

शनिवार को घोषित परिणाम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष के दो पदों पर अजय कुमार (497 मत) और मंजू लता यादव (481 मत) निर्वाचित घोषित हुए। उपाध्यक्ष पद पर नीलमणि तिवारी ने 630 मतों के साथ जीत दर्ज की। संयुक्त मंत्री पद पर सुनील कुमार विजयी रहे, जिन्हें 482 मत प्राप्त हुए। कोषाध्यक्ष पद पर संदीप कुमार ने सर्वाधिक 725 मत प्राप्त कर जीत हासिल की। संगठन मंत्री पद पर अंकिता पांडे निर्वाचित हुईं, जबकि कार्यालय मंत्री के पद पर बृजभूषण यादव ने 571 मत पाकर विजय प्राप्त की। प्रचार मंत्री पद पर सुनील को चुना गया। इसके अतिरिक्त कार्यकारी सदस्य के छह पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ, जिससे नई कार्यकारिणी का गठन पूर्ण हुआ।



एसजीपीजीआई कर्मचारी महासंघ के चुनाव में नवनिर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### मांगों को लेकर संयुक्त सचिव से लगाई गुहार

**अमृत विचार, लखनऊ :** एकेडमिक रिसोर्स पर्सन्स एसोसिएशन द्वारा निपुण भारत मिशन के सफल क्रियान्वयन, और अपनी अन्य मांगों को लेकर संयुक्त सचिव बेसिक शिक्षा से शिष्टाचार भेंट कर मांगपत्र सौंपा। एआरपी एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष केशव प्रताप शाही ने कहा कि प्रदेश के एकेडमिक रिसोर्स पर्सन के समक्ष कुछ समस्याएं आ रही हैं जिससे शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने व विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन में बाधा उत्पन्न हो रही है। उन्होंने कहा कि कई जिलों से शिकायतें आती है कि खंड शिक्षा अधिकारी, एआरपी से शासनादेश में निर्दिष्ट कार्य दायित्वों के इतर अन्य कार्य कराते है जिससे शिक्षक समाज में एआरपी के प्रति नकारात्मक संदेश जाता है। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र दुबे, उपाध्यक्ष पूनम सिंह, संगठन मंत्री सत्येंद्र शुक्ला, जिलाध्यक्ष लखनऊ हरि शंकर राठौर आदि उपस्थित रहे।

### नेशनल पीजी में परीक्षाएं सम्पन्न

**अमृत विचार , लखनऊ :** नेशनल पीजी कॉलेज में स्नातक स्तर की परीक्षाएं संपन्न हुईं। प्रथम पाली में 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक चतुर्थ सेमेस्टर (बीकॉम, बीकॉम ऑनर्स, बीसीए व बीवोक) की परीक्षा आयोजित की गई। इस पाली में कुल पंजीकृत छात्र-छात्राओं की संख्या 1006 थी, जिसमें से 5 छात्र अनुपस्थित रहे तथा 1001 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। इसी क्रम में द्वितीय पाली में अपराह्न 1:30 बजे से सायं 4:30 बजे तक द्वितीय सेमेस्टर (बीए, बीएससी, बीबीए, बीबीए-डीबी, एवं बीए जेएमसी) की परीक्षा आयोजित की गई। इस पाली में कुल पंजीकृत छात्र-छात्राओं की संख्या 810 थी, जिसमें से 12 छात्र अनुपस्थित रहे तथा 798 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व परीक्षार्थियों की गेट पर ही इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, मोबाइल, हस्तलिखित एवं टाइप्ड सामग्री आदि की चेकिंग की गई। सभी छात्र-छात्राओं ने पंक्तिबद्ध होकर समय से प्रवेश लिया।

### स्केटिंग चैम्पियनशिप दिखाई प्रतिभा

**अमृत विचार , लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस द्वारा विद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित दो-दिवसीय डा. जगदीश गांधी मेमोरियल इंटर-स्कूल रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप सम्पन्न हो गई। चैम्पियनशिप में लखनऊ के लगभग 40 स्कूलों के छात्रों ने प्रतिभाग किया एवं रोलर स्केटिंग की विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी खेल प्रतिभा, तकनीकी कौशल, चुस्ती-फुर्ती व दमखम का जोरदार प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया। रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप के दूसरे दिन प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ हीट रेस से हुआ, जिसमें प्रतिभाशाली स्केटर्स ने उत्साह, खेल भावना और उत्कृष्ट प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल राउंड में स्थान बनाने जोरदार प्रयास किया। फाइनल रेस के दौरान प्रारम्भिक रेस से चयनित फाइनलिस्ट स्केटर्स अपनी गति, संतुलन एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना का अद्भुत प्रदर्शन किया। खेल स्पर्धाओं के उपरान्त विजयी बाल खिलाड़ियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्टडी हाल स्कूल के बाल स्केटर्स ने प्रथम स्थान अर्जित किया जबकि सीएमएस कानपुर रोड कैम्पस द्वितीय स्थान एवं मार्डन स्कूल ने तृतीय स्थान अर्जित किया।

# पर्यावरण से लेकर विज्ञान तक के छात्र राष्ट्रपति से होंगे सम्मानित

## पुरस्कार के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू, 5 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चे कर सकते हैं नामांकन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए माध्यमिक शिक्षा विभाग ने नामांकन प्रक्रिया आरंभ कर दी है। इसमें खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान-प्रौद्योगिकी से लेकर कला और संस्कृति में असाधारण प्रदर्शन करने वाले बच्चों को राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। इसके लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। लखनऊ मंडल के विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि इस योजना में 5 वर्ष से अधिक और 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के विद्यार्थी घर बैठे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

> इन पुरस्कारों की घोषणा हर वर्ष 26 दिसम्बर, वीर बाल दिवस के अवसर पर की जाती है। राष्ट्रपति यह पुरस्कार एक विशेष समारोह में असाधारण उपलब्धि वाले बच्चों को प्रदान करते हैं। लखनऊ मंडल के सभी जिलों के पात्र बच्चों से आवेदन करने की अपील की गई है।
>
> डॉ. दिनेश कुमार, मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी, लखनऊ

### इन बातों का रखें ध्यान

- बच्चों द्वारा प्राप्त उपलब्धि आवेदन की अंतिम तिथि से दो वर्ष के भीतर की होनी चाहिए। इसके अलावा आवेदनकर्ता की आयु 5 वर्ष से कम और 18 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदन के समय विद्यार्थियों को अपने स्कूल और कक्षा का पूरा विवरण भी भरना अनिवार्य होगा।

ऑनलाइन आवेदन के लिए छात्र-छात्राएं https://awards.gov.in/Home/AwardLibrary पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। इसके लिए सभी बोर्ड के ऐसे बच्चे आवेदन कर सकते हैं जिन्होंने दूसरों के लिए असाधारण बहादुरी का परिचय दिया हो या असाधारण क्षमताओं और उत्कृष्ट उपलब्धियों के कारण रोल मॉडल बने हों। इसके अलावा खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला और संस्कृति तथा नवाचार के क्षेत्र में समाज पर व्यापक प्रभाव डालने वाले बच्चे भी पात्र हैं।


छात्रों को पुरस्कृत करते विज्ञान प्रगति अधिकारी। अमृत विचार

# 10 बिंदुओं पर हमेशा चकाचक रखें स्कूल, पहुंच सकते हैं मुख्यमंत्री

- अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा ने सभी जेडी, एडी, डीआईओएस और बीएसए को भेजा पत्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** माध्यमिक और बेसिक विद्यालयों को शिक्षा की गुणवत्ता, शिक्षकों के व्यवहार, अनुशासन, प्रतिस्पर्धा और सामाजिक गतिविधियों समेत 10 बिंदुओं पर हमेशा दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ या संबंधित मंत्री कभी भी किसी राजकीय इंटर कॉलेज, प्राथमिक या उच्च प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण कर सकते हैं। अपर मुख्य सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने इस संबंध में सभी जेडी, एडी, डीआईओएस और बीएसए को पत्र भेजा है।

प्रदेश भर में प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों की तैयारियों, अवस्थापना सुविधाओं और छात्रों के पठन-पाठन का जायजा लिया जाएगा। निरीक्षण में मिलने वाली कमियों को दूर करने के साथ आवश्यक नीतियां भी बनाई जाएंगी। अपर मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि निरीक्षण में कमी मिलने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। अधिकारियों को कागजों के बजाय धरातल पर मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए हैं।

### इन बिंदुओं पर विशेष नजर रखी जाएगी



- विद्यालय में अनुशासन और गाइडलाइंस का पालन, शिक्षा की गुणवत्ता व छात्रों का लर्निंग लेवल, भवन व प्रयोगशालाओं की स्थिति, शौचालय और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं, खेलकूद व अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां, करियर काउंसिलिंग, शिक्षकों का व्यवहार, विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा का माहौल, सामाजिक गतिविधियों में सहभागिता और शासन के कार्यक्रमों का अनुपालन।

# हार के सिलसिले पर ब्रेक लगाने उतरेगी एलएसजी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कोलकाता नाइटराइडर्स से भिड़ंत आज
- इकाना स्टेडियम पर मुकाबला शाम 7:30 बजे से

**अमृत विचार :** इकाना स्टेडियम में रविवार को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) और कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के बीच मुकाबला खेला जाएगा। दोनों टीमें अंक तालिका में निचले पायदान पर हैं, जहां एलएसजी नौवें और केकेआर दसवें स्थान पर है। प्लेऑफ की उम्मीदें लगभग खत्म हो चुकी हैं, ऐसे में यह मुकाबला साख बचाने का होगा और दोनों टीमें जीत के इरादे से उतरेंगी।

एलएसजी पर घरेलू मैदान पर लगातार हार का दबाव है। पिछले सत्र से अब तक टीम यहां सात मैच हार चुकी है, जबकि इस सीजन में भी तीन मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। कप्तान ऋषभ पंत पर टीम को संभालने के साथ-साथ बड़ी पारी खेलने की जिम्मेदारी होगी। बल्लेबाजी में मिचेल मार्श (7 मैचों में 210 रन) को छोड़ अन्य खिलाड़ी उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे हैं। निकोलस पूरन का खराब प्रदर्शन टीम के लिए चिंता का विषय बना हुआ है।

गेंदबाजी में तेज आक्रमण ने बेहतर प्रदर्शन किया है। प्रिंस यादव 7 मैचों में 13 विकेट लेकर प्रभावी रहे हैं, जबकि मोहम्मद शमी ने भी उपयोगी योगदान दिया है। हालांकि स्पिन विभाग अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सका है।

दूसरी ओर केकेआर की टीम भी संघर्ष कर रही है। कप्तान अजिंक्य रहाणे और रिंकू सिंह का बल्ला अब तक खामोश रहा है, जबकि गेंदबाजी में भी धार की कमी दिखी है। वरुण चक्रवर्ती महंगे साबित हुए हैं।

आईपीएल इतिहास में दोनों टीमों के बीच 7 मैच हुए हैं, जिनमें एलएसजी ने 5 और केकेआर ने 2 मुकाबले जीते हैं। इस सीजन के पिछले मैच में भी लखनऊ ने कोलकाता को हराया था।


एलएसजी खिलाड़ियों के साथ यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार। अमृत विचार

### एलएसजी के खिलाड़ियों ने की फैंस से मुलाकात

**अमृत विचार, लखनऊ :** हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर शनिवार को उत्साह का माहौल रहा, जब आईपीएल टीम लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाड़ी 'मीट एंड ग्रीट' कार्यक्रम में शामिल हुए। इस आयोजन ने मेट्रो यात्रियों और क्रिकेट प्रेमियों को अपने पसंदीदा सितारों से मिलने का अवसर दिया। कार्यक्रम में एलएसजी के रणनीतिक सलाहकार और पूर्व कीवी कप्तान केन विलियम्सन, बल्लेबाज मुकुल चौधरी, ऑलराउंडर अर्जुन तेंदुलकर और स्पिनर एम. सिद्धार्थ पहुंचे। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (यूपीएमआरसी) के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने खिलाड़ियों का स्वागत किया। मेट्रो की ओर से आयोजित 'सेल्फी कॉन्टेस्ट' के विजेताओं के लिए यह दिन खास रहा। विजेताओं ने खिलाड़ियों के साथ फोटो खिंचवाई और एलएसजी की आधिकारिक टी-शर्ट पाकर खुशी जताई। इस दौरान युवा क्रिकेटरों के लिए विशेष संवाद सत्र भी हुआ, जिसमें खिलाड़ियों ने खेल की बारीकियों, मानसिक मजबूती और अनुशासन पर अपने अनुभव साझा किए। इससे उभरते खिलाड़ियों को प्रेरणा मिली। मेट्रो भ्रमण के दौरान खिलाड़ियों ने स्टेशन की स्वच्छता और दीवारों पर बनी स्थानीय कला की सराहना की। यह लखनऊ मेट्रो और एलएसजी की साझेदारी का चौथा वर्ष है।

# विज्ञान प्रदर्शनी में शिवम, शिखर ने जीते प्रथम पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अन्तर्विद्यालयीय विज्ञान प्रदर्शनी में बाल वैज्ञानिकों ने दिया वैज्ञानिक चेतना का संदेश

**अमृत विचार :** बाल निकुंज गर्ल्स एकेडमी अलीगंज में अंतर्विद्यालयीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न शाखाओं से कक्षा-12 के लगभग 130 बाल वैज्ञानिकों ने प्रतिभाग किया। प्रदर्शनी में नवाचार आधारित 44 मॉडलों का प्रदर्शन किया गया, जिसने वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता का परिचय दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार जायसवाल ने मॉडलों का निरीक्षण कर छात्रों से उनके नवाचार और वैज्ञानिक प्रयासों की जानकारी ली। निरीक्षण के बाद प्रथम से पांचवें स्थान तक के मॉडलों की घोषणा की गई और विजेताओं को 1001, 901, 801, 701 और 601 रुपये की नकद राशि के साथ प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

अपने संबोधन में डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि ऐसे वैज्ञानिक नवाचार ही देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। प्रथम पुरस्कार शिवम दीक्षित, शिवम सिंह और शेखर वर्मा की टीम को "रेन डिटेक्टिंग सिस्टम" मॉडल के लिए मिला। द्वितीय पुरस्कार "सोलर बोट" मॉडल को, जबकि तृतीय पुरस्कार "क्रॉप प्रोटेक्शन फ्रॉम एनिमल्स" मॉडल को दिया गया। चतुर्थ स्थान "कमर्शियल बैंक सिस्टम" और पांचवां स्थान "कन्वर्ट वेस्ट एसी एयर इन टू इलेक्ट्रिक" मॉडल को प्राप्त हुआ।

### भाषा विवि और रामपुर रजा लाइब्रेरी के बीच हुआ समझौता

**अमृत विचार , लखनऊ:** भारत की समृद्ध बौद्धिक एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और अकादमिक सहयोग को नई दिशा देते हुए ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय और रामपुर रज़ा लाइब्रेरी के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह महत्वपूर्ण पहल उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा और मार्गदर्शन से संभव हो सका है। इस अवसर पर भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा एवं रामपुर रज़ा लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्रा ने अपने-अपने संस्थानों की ओर से समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौता से रामपुर रज़ा लाइब्रेरी में संरक्षित अमूल्य पांडुलिपियों के खोज, अध्ययन, सूचीकरण एवं संरक्षण के लिए संयुक्त प्रयासों को प्रोत्साहित करेगा।

# डीएम ने टॉप 10 मेधावियों को किया सम्मानित


शिविर कार्यालय में छात्रा को सम्मानित करते जिलाधिकारी विशाख जी।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा-2026 के टॉप 10 मेधावियों को जिलाधिकारी विशाख जी ने शनिवार को सम्मानित किया। शिविर कार्यालय में छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रेणनादाई पुस्तक भेंट की। मेधावियों ने अपने अनुभव साझा किए और सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और स्वयं के अथक प्रयास को दिया। मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन ने मेधावियों का उत्साहवर्धन किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि मैं जनपद के सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई देता हूं, जिन्होंने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से अपने परिवार के साथ जनपद का नाम गौरवान्वित किया है। आज का यह सम्मान समारोह केवल छात्र-छात्राओं के लिए ही नहीं, बल्कि उनके शिक्षक और अभिभावकों के समर्पण और मार्गदर्शन का भी सम्मान है। जिनके सहयोग से यह सफलता संभव हुई है। इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट साहिल सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश सिंह समेत विभागीय अधिकारी एवं मेधावियों के अभिभावक और उनके प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

## सिटी डायरी

### एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज में विदाई समारोह आयोजित


विदाई समारोह में उपस्थित शिक्षिकाएं व छात्राएं।

**अमृत विचार, लखनऊ :** एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज में शनिवार को बीए, बीकॉम और एमए उत्तरार्ध की छात्राओं के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या प्रो. रचना श्रीवास्तव ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। छात्रा तनु सक्सेना ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया, जबकि असरा, रिया, महक, अंशिका पाल, अनुष्का, श्रेया, स्नेहा, अर्चिता, नेहा, खुशी व अर्पणा ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। समारोह में खेल, मिमिक्री और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांधा। छात्राओं ने अपने कॉलेज जीवन की स्मृतियां साझा कर माहौल भावुक बना दिया। मिस एपी सेन का खिताब एमए की अर्चिता सिंह को मिला, जबकि नेहा कश्यप और हूदा ओवैस क्रमशः रनर-अप रहीं। प्राध्यापकों ने छात्राओं को उपहार देकर शुभकामनाएं दीं।


पुरस्कार वितरण के दौरान प्राचार्या व छात्राएं।

### पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्थानीय नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में परिषदीय पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। समारोह में सभी संकायों के विभिन्न विषयों की छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। वर्षभर आयोजित भाषण, वाद-विवाद, चार्ट मेकिंग, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं के साथ विभिन्न संकायों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सचिव का पद धारण करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्राचार्य प्रो. रश्मि बिश्नोई ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि परिषद छात्राओं को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर देती है। कार्यक्रम का संचालन परिषद प्रभारी डॉ. श्वेता भारद्वाज ने किया। सह-संयोजन डॉ. रश्मि अग्रवाल, डॉ. पारुल मिश्र तथा डॉ. जितेन्द्र दुबे ने किया।


खुनखुन जी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागी।

### छात्रा जागरूकता एवं सम्मान समारोह

**अमृत विचार, लखनऊ :** खुन-खुन जी गर्ल्स पीजी कॉलेज में महिला विकास एवं जनकल्याण समिति के तत्वावधान में छात्रा जागरूकता एवं सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में छात्राओं, शिक्षिकाओं और अतिथियों की सक्रिय भागीदारी रही। मुख्य अतिथि डॉ. बबिता सिंह चौहान (चेयरपर्सन, राज्य महिला आयोग, उ.प्र.) रहीं। प्राचार्या प्रो. अंशु केडिया ने अतिथियों का स्वागत कर छात्राओं को प्रेरित किया। डॉ. आकांक्षा उपाध्याय ने मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूक किया, जबकि फिरोज़ खान नदवी ने प्रेरक विचार साझा किए। डॉ. बबिता सिंह चौहान ने महिला शिक्षा, आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण पर बल दिया।


वैश्विक चुनौतियों पर सारगर्भित परिचर्चा करते बाल प्रतिनिधि।

### मॉडल यूनाइटेड नेशन्स का समापन

**अमृत विचार , लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस द्वारा विद्यालय के सभागार में आयोजित दो-दिवसीय मॉडल यूनाइटेड नेशन्स के दूसरे व अन्तिम दिन प्रतिभागी छात्रों ने वैश्विक समस्याओं पर चर्चा किया। विभिन्न देशों का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतिभागी छात्रों ने संयुक्त राष्ट्र संघ की कार्यवाही का हूबहू नजारा प्रस्तुत किया और समस्याओं पर अपने विचार रखे।

**एडइनबॉक्स समिट-2026** | भविष्य की शिक्षा पर विशेषज्ञों ने किया मंथन

# व्यावहारिक कौशल और शोध आधारित बने शिक्षा : प्रो. आदर्श

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** फोरेंसिक साइंस लेबोरेट्री के निदेशक प्रो. (डॉ.) आदर्श कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा को केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित रखना पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यावहारिक कौशल और शोध-आधारित दृष्टिकोण को भी समान महत्व देना जरूरी है।

निदेशक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित 'एडइनबॉक्स रीजनल हायर एजुकेशन समिट 2026' का उद्घाटन करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। समिट के दौरान 'प्रिंसिपल अवॉर्ड ऑफ ऑनर' के तहत शिक्षाविदों को सम्मानित भी किया गया। समिट में फॉरेंसिक साइंस को उभरते करियर विकल्प के रूप में विशेष रूप से प्रस्तुत किया गया। विभिन्न सत्रों में नई शिक्षा नीति, एआई, क्रिएटिव करियर और इंडस्ट्री-एकेडेमिया तालमेल जैसे विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।



कार्यक्रम में मौजूद प्रमुख शिक्षाविद। अमृत विचार

'रीजनल प्रिंसिपल्स मीट', 'एकेडमिक लीडरशिप डायलॉग' और 'स्कूल-यूनिवर्सिटी कनेक्ट' जैसे सत्रों ने शिक्षा क्षेत्र के विभिन्न हितधारकों के बीच संवाद को मजबूत किया। वहीं, छात्रों को करियर काउंसलिंग और इंटरैक्टिव सेशंस के माध्यम से विशेषज्ञों से सीधे मार्गदर्शन मिला।

विशेषज्ञों ने डीएनए प्रोफाइलिंग, डिजिटल फॉरेंसिक, टॉक्सिकोलॉजी और फिंगरप्रिंट एनालिसिस जैसी तकनीकों की उपयोगिता को सरल भाषा में समझाया और बताया कि कैसे वैज्ञानिक साक्ष्य जटिल मामलों के समाधान में अहम भूमिका निभाते हैं।

देशभर के शिक्षाविदों, विशेषज्ञों और विद्यार्थियों ने समिट में शामिल होकर उच्च शिक्षा, स्किल डेवलपमेंट और उभरते करियर विकल्पों पर चर्चा की। दिनभर चले इस आयोजन में फॉरेंसिक साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और स्किल-आधारित शिक्षा जैसे विषय प्रमुख केंद्र में रहे।

आयोजक स्वाति बाजपेई और विकास ढाका ने कहा कि इस तरह के आयोजन छात्रों को नए अवसरों से जोड़ने और शिक्षा प्रणाली को आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर डॉ. एके श्रीवास्तव, डॉ. टीपी सिंह, प्रो. उज्ज्वल के. चौधरी और प्रो. (डॉ.) दीप्ति शुक्ला समेत कई शिक्षाविद मौजूद रहे।